## ‘माई भारत बजट’ क्वेस्ट के तहत युवाओं से संवाद कार्यक्रम आयोजित

■ प्रदेश में पेपर लीक एवं भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए सकारात्मक वातावरण बनाया गया है

**भरतपुर ( निसं )।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार माई भारत बजट क्वेस्ट 2026 के अंतर्गत जिला कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वी.सी. के माध्यम से केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश के युवाओं से संवाद किया। इस दौरान युवाओं से राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं बजट से संबंधित सुझाव और विचार आमंत्रित किए गए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार कर रही है।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश निर्माण में अहम भूमिका निभा रही है और वही देश का भविष्य है। युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप बनाकर निरंतर प्रयास करना चाहिए, जिससे परिवार, समाज और देश की प्रगति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने अपने बजट में सीए, खिलाड़ी, वकील एवं उद्यमी युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके सुझावों का स्वागत किया है। साथ ही उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के कर्म करो, फल की इच्छा मत करो के संदेश को अपनाते हुए युवाओं को निरंतर कर्म करने की प्रेरणा दी।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर युवाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं। प्रदेश में पेपर लीक एवं भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए सकारात्मक वातावरण बनाया गया है तथा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम के तहत लगभग 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू किए गए हैं, जिनमें से लगभग 9 लाख करोड़ रुपए के एमओयू को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है, जिससे प्रदेश के युवाओं को व्यापक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

# मेडिकल व नर्सिंग कॉलेज का निर्माण पूर्ण करने के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

■ निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के जिला कलेक्टर ने दिए निर्देश

**करौली ( निसं )।** जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने सोमवार को निर्माणधीन मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज की बहुमंजिला इमारतों का सघन निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गर्ल्स एवं बॉयज छात्रावास, स्टाफ एवं फैक्लटी क्वाटरर्स, आईसीयू, नर्सिंग कॉलेज एवं नर्सिंग छात्रावास, एवं मुख्य द्वार से नर्सिंग कॉलेज तक की निर्माणाधीन सड़क सहित अन्य संरचनाओं का गहनता के साथ निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्यों की प्रगति का ब्यौरा आर.एस.आर.डी.सी के परियोजना निंदेशक मनोज श्रीवास्तव एवं सहायक अभियंता नीलम मीणा से प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारीयों का आपसी समन्वय से कार्य कर निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने मेड्डिकल कॉलेज से नर्सिंग कॉलेज तक पहुंचने वाली सड़क का निर्माण कार्य, सड़क के डामरीकरण व डब्लूबीएम कार्य सहित इस सड़क के दोनो ओर लाइटिंग व्यवस्था स्थापित करने, बाउंड्री वॉल को पूरी ऊंचाई तक पूर्ण करने तथा गर्ल्स हॉस्टल के मुख्य प्रवेश द्वार पर कांच लगवाने, जीआरसी सेफ्टी नेट लगवाने, शेष रही खिड़कियों में ग्लास फिटिंग स्थापित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ-साथ प्लंबिंग, दरवाजों के कार्य और फिक्स्चर इंस्टालेशन को जल्द पूर्ण कर सिविल वर्क शीघ्र समाप्त करने के आदेश भी प्रदान किए। इसके अलावा एसटीपी के समयबद्ध निर्माण को पूर्ण करने के लिए आवश्यक टीमों को तैनात करने तथा इंडोर स्टेडियम के कार्य हेतु अतिरिक्त श्रमिक लगाकर कार्य की गति बढ़ाने की हिदायत दी ताकि कॉलेज का सुचारू संचालन पूर्ण रूप से निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने परिसर में साफ-सफाई, मलबे के निस्तारण और आवासीय भवनों व फैकल्टी क्वार्टर के कार्यों को शीघ्र अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। इस दौरान मेड्डिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.सी. मीणा, पीएमओ डॉ. रामकेश मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निंदेशक धर्मेंद कुमार मीना सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी, संवेदक प्रतिनिधि, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सम्मेलन में सभी धर्मों, समाजों के लोगों की सहभागिता रही

**भरतपुर ( निसं )।** जाट समाज के तत्वावधान में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर सामाजिक न्याय, सौहार्द एवं भाईचारा महासम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस महासम्मेलन में सभी धर्मों, जातियों एवं समाजों के हजारों लोगों ने भाग लिया और एक स्वर में सामाजिक एकता एवं भरतपुर के समठा विकास के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया तथा सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

मुख्य अतिथि धौलपुर-करौली सांसद भजनलाल जाटव ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक समरसता से ही भरतपुर के विकास को गति मिलेगी। हमें जाति-पाति, धर्म एवं संकीर्ण सोच से ऊपर उठकर एकजुट होकर कार्य करना होगा। जब तक अंतिम व्यक्ति को न्याय, शिक्षा और रोजगार नहीं मिलेगा, तब तक विकास अधूरा रहेगा। उन्होंने भरतपुर की प्रमुख समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जिले में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या है। उद्योग-धंधों के अभाव एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण संस्थानों की कमी के कारण युवा भटक रहे हैं। इसके साथ ही सिंचाई के लिए पानी एवं बिजली की समस्या से किसान परेशान हैं। केवल सड़क और फ्लाईओवर बनने से विकास संभव नहीं है, बल्कि समठा योजना के साथ कार्य करना होगा। महासम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि यह समय की मांग है कि हम सभी एक मंच पर आकर अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाएं।

## तहारपुर में पोषाहार से बने व्यंजनों की स्टॉल प्रदर्शनी लगाई

■ गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, बच्चों की माताओं एवं अन्य लाभार्थियों को पोषण एवं शाला पूर्व शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया

**ासूरौठ। ( निसं )।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, सेक्टर सूरौठ के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र स्थित आंगनबाड़ी केंद्र तहारपुर में आज 8वें पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत पौष्टिक आहार, हरी पत्तेदार सब्जियां, मोटे अनाज, विभिन्न प्रकार की दालें एवं पोषाहार से बने व्यंजनों की स्टॉल प्रदर्शनी लगाई गई। इसके माध्यम से ग्रामीण समुदाय को संतुलित एवं पोषणयुक्त भोजन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, बच्चों की माताओं एवं अन्य लाभार्थियों को पोषण एवं शाला पूर्व शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम मातृ एवं शिशु पोषण रही, जिस पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर बताया गया कि जीवन के प्रथम 1000 दिनों में बच्चे के मस्तिष्क का लगभग 80 प्रतिशत विकास होता है। इसलिए इस अवधि में उचित देखभाल अत्यंत आवश्यक है। गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकाकरण, पौष्टिक एवं संतुलित आहार, तिरंगा भोजन, हरी पत्तेदार सब्जियों, दालों एवं मौसमी फलों के सेवन की सलाह दी गई। साथ ही आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों का नियमित सेवन, उचित वजन वृद्धि तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस से मुकेश शर्मा एवं सौभाग्य सहारिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू कुमारी, सहायिका सुशीला देवी, आशा सहयोगिनी संतोष गुर्जर सहित कई लाभार्थी उपस्थित रहे।

## कवि सम्मेलन में आरक्षण व राजनीति की कविताएं गूंजी

■ भाषा क्षेत्र जाति गोत्र पंथ संप्रदाय कितने और आधार चाहिए

■ वीर रस के कवि संजय हिंदुस्तानी ने - दुश्मनी मोल मैंने तो महंगी कविता सुनाई

**रूपबास, भरतपुर ( निसं )।** रूपवास कस्बे की चदूशाह धर्मशाला सभागार में वीरांगना रूप कंवर जन सांस्कृतिक मंच द्वारा वरिष्ठ कवि एवं गीतकार गीतम सिंह परमार की अध्यक्षता में एवं मंच के संरक्षक हरिशंकर शर्मा वरिष्ठ शिक्षक नेता के मुख्य आतिथ्य तथा संयोजक कवि ज्ञानीराम अज्ञानी विशिष्ट अतिथि के सानिध्य में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

अतिथियों द्वारा मां शारदे के चित्र के समझ दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया तथा मां शारदे की वंदना नमन करते हैं चरणों में गीतम सिंह परमार द्वारा प्रस्तुत की। कवि सम्मेलन में कवियों द्वारा ओज, वीर, हास्य, श्रृंगार, भक्ति रस तथा वर्तमान राजनीतिक हालात तथा आरक्षण पर अपनी कविताएं सुनाईं। कवि सम्मेलन का शुभारंभ बाल कवि प्रणय शर्मा यश की कविता से जीवन में कुछ करना है, तो मन को मारे मत बैठो। आगे आगे बढ़ाना है, तो हिम्मत हारे मत बैठो। प्रस्तुत की जिस पर श्रोताओं ने जोरदार तालियां बजाकर बाल कवि का उत्साह वर्धन किया तथा आशीर्वाद प्रदान किया व माल्यार्पण कर स्वागत किया। गीतकार कवि दिनेश अनुभवी ने अपनी पंक्तियों के माध्यम से कहा कि जिंदगी की ये कहानी चाहिए। दुश्मनों से भी निभानी चाहिए। कविता सुनाकर खूब तालियां बटोरी वीर रस के कवि संजय हिंदुस्तानी ने कहा कि ‘जब ली है दुश्मनी मोल मैंने तो महंगी क्या और सस्ती क्या’ सुनाई। युवा कवि अंकित पिंगोरिया ने कहा कि ‘मानवता को किया शर्मसार, दानव वृति के बंदों ने, नारी पवित्रता को दूषित किया, दूषित मानसिकता वाले दरिंदों ने’।

आज के वरिष्ठ कवि मनोज खंडूजा ने कविता के माध्यम से कहा कि ‘भाषा, क्षेत्र, जाति, गोत्र, पंथ, संप्रदाय कितने और आधार चाहिए अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े, अति पिछड़े, अल्पसंख्यक कितने और विभाजन चाहिए; आरक्षण की इस रक्त प्रशाचनी से, यदि आज नही सुरक्षा होगी, धर्म अगर नहीं बचा तो जाति-गोत्र कहाँ जिंदा होंगे’। श्रोताओं ने तालियां बजाकर कविता का स्वागत किया। व डॉक्टर इस्लाम खानवी ने कहा कि ‘दम बहुत है इस कलम की धार में, करती परवेतन सदा व्यवहार में, बहते हो तुम क्यों भला जज्बात में, बांट डाला आदमी को जात में’। वहीं युवा कवि एवं गीतकार योगेश कौशिक ने नेताओं पर व्यंगवान छेड़ते हुए कहा कि ‘नेता है या है अभिनेता, मेक पिए भी शर्मिंदा है, दिखते हैं जननायक कैसे, पूर चरित्र इनका गंदा है; आचार भ्रष्ट है इनके इतने खुला कमीशन यह खाते हैं, चीर हरण माता का करके मातृ वंदना भी गाते हैं’।

संयोजक एवं कवि ज्ञानीराम अज्ञानी ने कविता के माध्यम से कहा कि ‘नन्ही कलि को फिर बबूलो में पिरो दिया, कुछ सोचने से पहले मेरा दिल ही रो दिया’। तथा वरिष्ठ कवि गीतम सिंह परमार ने कविता के माध्यम से कहा कि ‘पावन परम पुनीत भूमि भारत की रज सिर धारौ, लहर-लहर लहराए तिरंगा हिंदुस्तान हमारौ’। उन्होंने देश भक्ति रचना सुनाकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। अंत में मंच के कवि दिनेश अनुभवी का राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा हिंदी प्राध्यापक के पद पर चयन होने पर उनका माल्यार्पण कर साफा बांधकर तथा शॉल उड़ाकर स्वागत किया गया।

## चिकित्सालय का जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**करौली ( निसं )।** जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने सोमवार को जिले के नवीन चिकित्सालय में स्थित मातृ शिशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीड़ी, लैब, लेबर रूम, गहन नवजात शिशु इकाई, पीएनसी वार्ड, कुपोषण उपचार केंद्र, पीआईसीयू एवं प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र सहित अन्य चिकित्सा ईकाइयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रमुख चिकित्सा अधिकरी डॉ रामकेश मीणा को आने वाली गर्मी के मौसम को देखते हुए मरीजो की सुविधा के लिए एसी, कूलर की समुचित व्यवस्था एवं मरीजों का आउटडोर एवं सोनोठाफी कमरे के बाहर बैठने के लिए अतिरिक्त बैंचों की सुविधा स्थापित करने के निर्देश प्रदान किए जिससे मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हों। इस दौरान उन्होंने कुपोषण उपचार केंद्र में पोषण व्यवस्था का ब्यौरा लिया। साथ ही अच्छी साफ़-सफ़ाई व्यवस्था को देखकर चिकित्सालय प्रबंधन की प्रशंसा की और साफ़-सफ़ाई के स्तर को बनाए रखने के लिए कहा। इसके साथ-साथ जन औषधि केन्द्र सहित चिकित्सालय में दवाईयों की उपलब्धता का भी ब्यौरा प्राप्त किया और किसी भी प्रकार की कमी नही आने के लिए आदेशित किया। साथ ही जीवनदायी उपकरणों की कार्यशीलता उचित रखरखाव द्वारा बनाए रखने के लिए भी पीएमओं को निर्देशित किया।

## फर्टिलाइजर टास्क फोर्स व धरती माता बचाओ समिति की बैठक

■ उर्वरकों के सदुपयोग के लिए बनेगी कार्ययोजना

**भरतपुर ( निसं )।** जिला स्तरीय फर्टिलाइजर टास्क फोर्स एवं धरती माता बचाओ समिति की बैठक सोमवार को अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें उर्वरकों का सदुपयोग करते हुए किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करने एवं उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए निर्णय लिए गए।

अतिरिक्त कलेक्टर ने कहा कि उर्वरकों की उपलब्धता के अनुसार किसानों को खरीफ एवं रबी के सीजन में पारदर्शिता के साथ उर्वरकों की आपूर्ति हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने घटिया उर्वरकों के विक्रय एवं कालाबाजारी की रोकथाम के लिए चौकपोस्ट गठित कर प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को रासायनिक खाद का उपयोग कम कर जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करें जिससे धरती बचाओ अभियान की सार्थकता सिद्ध हो सके। अतिरिक्त कलेक्टर शहर राहुल सैनी ने कहा कि किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित करें तथा मृदा नमूना लेकर सूक्ष्म पौषक तत्वों एवं तरल नैंनो उर्वरकों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। संयुक्त निंदेशक कृषि राधेश्याम मीना ने बताया कि जिले में 30 अप्रैल तक आपणो खेत आपणी खाद अभियान चलाया जा रहा है जिसमें किसानों को हरी खाद, वर्मीकम्पोस्ट, गोबर खाद, जैविक खेती, कृत्रिम खेती एवं फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में गत वर्ष 69 हजार मैट्रिक टन यूरिया व 24 हजार मैट्रिक टन डीएपी की खपत रही थी।

जिससे घटाकर 64 हजार तथा 20 हजार लक्ष्य रखा गया है। अधिक खपत वाली 100 पंचायतें होंगी चिन्हित- संयुक्त निंदेशक कृषि ने बताया कि जिले में विगत वर्षों में अधिक उर्वरक खपत वाली 100 ग्राम पंचायतों को चिन्हित कर उनमें ग्राम सभाएं आयोजित की जाऐंगी, कृषि वैज्ञानिक ऐसी पंचायतों में किसानों को संतुलित उर्वरकों के बारे में जानकारी देंगे। उन्होने बताया कि जिले में नैचुरल फार्मिंग 1700, वर्मी वेड इकाई 2300 एवं ढैंचा मिनीकिट 3500 का वितरण किया गया था जिसे इस बार बढ़या जा रहा है।

## ‘पंचायती व निकास चुनावों में कांग्रेस का परचम लहरायेगा’

■ डीग में कांग्रेस ओ.बी.सी. प्रकोष्ठ का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित, संगठन मजबूती व चुनावी रणनीति पर जोर

**भरतपुर ( निसं )।** जिला कांग्रेस ओ.बी.सी. प्रकोष्ठ डीग के अध्यक्ष महावीर गर्जर द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन लाला वाला कुण्डा कामां गेट डीग पर आयोजित हुआ। डहीग जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजीव चौधरी ने अपने उदबोधन में कहा कि भारत में ओ.बी.सी. की जनसंख्या करीब 52 प्रतिशत है और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में वो 82प्रतिशत है।

भारत के 8 प्रमुख राज्यों ऐसे हैं जोकि विकसित श्रेणी में आते हैं और जिसमें जनसंख्या 50 प्रतिशत से ज्यादा ओ.बी.सी. की है। उनमें प्रमुखतय हरियाणा, विहार, राजस्थान, गूजरात, महाराष्ट्र इत्यादि सम्मिलित हैं। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में ओ.बी.सी. की जनसंख्या करीबन 56 प्रतिशत है और यदि जातिगत समीकरण के हिसाब से ओ.बी.सी. के साथ एससी व एसटी व मान्योरटी मिल जाये तो आगामी पंचायती व निकास चुनावों में कांग्रेस का परचम लहरा सकता है।

राजीव सिंह चौधरी जिलाध्यक्ष ने अपने उदबोधन में कहा कि राजस्थान सरकार संविधान के अनुच्छेद 243 और 243 क्यू का 5 वर्ष के निश्चित अवधि में पंचायत और निकाय चुनाव नहीं कराकर सरेआम उल्लंघन कर रही है। राजस्थान में वर्तमान में 41 जिला परिषद, 309 नगर निकाए और करीबन 14000 ग्राम पंचायत हैं। केन्द्र सरकार में पंचायती राज्य का 1900 करोड रूप्या अटक गया है तथा राजस्थान का ग्रामीण विकास हेतु आवंटित हेतु 16 हजार करोड का बजट भी अधरझूल में हो गया है।

कार्यक्रम में सांसद संजना जाटव ने कांग्रेस संगठन की मजबूती पर जोर दिया और कायकर्ताओं से अपील की कि वह एक जुट होकर भाजपा की नाकामियों को उजागर करें तथा यह आश्वासन दिया कि डीग जिले में गत दिनों प्राकृतिक प्रकोप और ओलावृष्टि से हुई फसल का उचित मुआवजा दिलवाने के लिये शीघ्र ही पारदर्शी व संवेदनशील गिरदावरी वकराने के लिए जिला कलेक्टर को पत्र देगी तथा मुख्यमंत्री राजस्थान को भी शीघ्र ही मुआवजा दिलाने हेतु पत्र लिखेगी। राजीव चौधरी जिलाध्यक्ष ने किसानों की भूमि अधिग्रहण को लेकर सरकार को सावचेत किया कि भूमिधारकों को विकसित भूमि का 40 प्रतिशत हिस्सा मुआवजे के रूप में देना चाहिये।

कार्यक्रम में ओ.बी.सी. प्रकोष्ठ की सचिव नीमा चौधरी जिला परिषद सदस्य मोहन सिंह, ब्लाक अध्यक्ष भवानी शंकर व सुगड सिंह एससी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्रीभान चुलेहरा, पर्यावरण प्रकोष्ठ के रघुवीर सिंह पटवारी एजन अभाव प्रकोष्ठ के राहुल सोनी खेल प्रकोष्ठ के महमूद खान व प्रदेश सचिव अयूब खान, अनुषासन समिति सदस्य एम. जुवेर, र्प्यावरण के प्रताप सिंह, रामप्रकाश उपाध्यक्ष ऐलऊ, चससचिव प्रेम सिंह प्रजापति, कमल सिंह नेता, नन्दकिशोर बैलारा, भरत सैन, पूरन सिंह बडेसरा, होती सिंह भटावली,दीवान सिंह सीही, फतेह सिंह, सुनील पैंघोर, धर्मेन्द्र पेंघोर, उदयसिंह सोगर, मिठठू सिंह सांखला, मोनू सांतरूक, रवि सौनी,मौनू पेंघोर, नहार सिंह बांसरौली, दुर्गेश थैरावर, विकास पसूपा, कमलेश पूर्व प्रधान, हरवीर सिंह पथैना केसाथ महिला कार्यकर्ता युवक कार्यकर्ता इत्यादि सम्मिलित हुए।

## जनसुनवाई का होगा आयोजन

**करौली/नादौती ( निसं )।** नादौती की भूमि अवाप्ति एवं उपखंड अधिकारी काजल मीणा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित ब्यावर-भरतपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे (पैकेज 4) के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के अंतर्गत प्रभावित गांवों में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि भूमि अर्जन, पुर्नवास, पुनर्व्यवस्थापन की प्रकिया उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिनियम, 2013 एवं राजस्थान नियम 2016 के प्रावधानों के तहत की जा रही है। उन्होंने जनसुनवाई के विस्तृत कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि तहसील नादौती के प्रभावित राजस्व ग्राम शहर, गुडली, गढी खेमपुर, मोरेची जागीर, कैमला, खुडाचौनपुर में जनसुनवाई 27 अप्रैल प्रातः 11 बजे अटल सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत शहर वही प्रभावित राजस्व ग्राम ल्हावद, सोप, हाफजाबाद, कुंजेला, मिलकसराय में जनसुनवाई 28 अप्रैल प्रातः 11 बजे अटल सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत सोप में जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अपील की है कि उक्त एक्सप्रेस-वे निर्माण से प्रभावित होने वाले समस्त व्यक्ति एवं भू-स्वामी नियत समय व स्थान पर जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपने सुझाव व पक्ष रख सकते हैं ताकि भूमि अवाप्ति की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से पूर्ण किया जा सके।

## ग्रीष्मावकाश में की गई कटौती व विभिन्न मांगों को लेकर एस.डी.एम. को सौंपा ज्ञापन

■ रेसला ने अवकाश कटौती में संशोधन सहित विभिन्न मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी को दिया ज्ञापन

**भरतपुर ( निसं )।** शिक्षकों के ग्रीष्मावकाश में की गई कटौती सहित संस्था प्रधान अधिकृत अवकाश को पूर्ववत दो दिवस रखने एवं संगठन की विभिन्न मांगों को लेकर जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा राजस्थान सरकार को उपखंड अधिकारी भरतपुर भारती गुप्ता के मार्फत ज्ञापन सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि प्रदेश भर के समस्त शिक्षक एवं व्याख्याता साथियों में हाल ही में जारी शिविरा पंचांग में अवकाश कटौती के निर्णय को लेकर अत्यन्त असंतोष एवं रोष व्याप्त है। इस संबंध में न तो शिक्षक संगठनों से कोई पूर्व विचार विमर्श किया गया और न ही पूर्व में दिये गये आश्वासन का पालन किया गया। जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि अवकाश में कोई कटौती नहीं की जावेगी। यह स्थिति शिक्षक हितों के साथ अन्यायपूर्ण एवं निराशाजनक है।

अतः राजस्थान शिक्षा प्राध्यापक सेवा संघ (रेसला) की ओर से निम्नलिखित माँगों को लेकर आज ज्ञापन दिया गया। जिनमें ग्रीष्मावकाश पूर्व की भांति 17 मई से 30 जून तक किया जाना सुनिश्चित किया जावे ताकि भीषण गर्मी में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पडे, संस्था प्रधान अधिकृत अवकाश पूर्व की तरह 2 ही रखे जावें, स्टाफिंग पैटर्न लागू किया जावे। माध्यमिक शिक्षा में शीघ्र प्रभाव से नवीन स्टाफिंग पैटर्न लागू किया जाए तथा क्रमोन्नत विद्यालयों में आवश्यक पदों का सृजन किया जाए, जिससे शैक्षिणक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके, नवीन शैक्षिणक सत्र शुरू हो गया है, खाली पड़े पद भरने हेतु व्याख्याता पदों पर डीपीसी शीघ्र सम्पन्न करवाई जावे, कम नामांकन वाले विद्यालयों को बंद नहीं करके उनमें नामांकन वृद्धि हेतु प्रभावी प्रयास किये जावें ताकि आमजन को भी फायदा हो तथा बेरोजगार युवाओं के लिए भर्तियों में पद कम नहीं हो। उपरोक्त मांगें शिक्षक हित, शैक्षिणक गुणवत्ता एवं प्रशासनिक व्यवस्था की दृष्टि से अत्यन्त आवश्यक हैं। अतः सरकार के स्तर पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जावे। जिससे प्रदेश के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को राहत मिल सके। माँगें नहीं माने जाने पर राजधानी जयपुर में विशाल धरना दिया जावेगा। ज्ञापन देने वालों में प्रमोद लवानियां, संजय कुसुमाकर, राजेश कुमार, दयाचंद शर्मा, सहित कई रेसलियन साथी मौजूद रहे।


